## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 02.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर होगी चर्चा ।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– सुरक्षा–विकास–आत्मनिर्भरता के संतुलन को मिलेगी मजबूती।
3. केन्द्रीय बजट की झारखंड में हर वर्ग ने की सराहना, बताया –जनता के हित का बजट, दवाईओं के मूल्य घटने से मिलेगी राहत ।
4. राजमहल के उत्तर वाहिनी गंगा तट पर आदिवासी महाकुंभ राजकीय माघी पूर्णिमा मेले का आयोजन, कई राज्यों से जुटे श्रद्धालु , सुरक्षा के कड़े इंतजाम ।

और

5. झारखंड के तापमान में अगले चार दिनों में तीन से चार डिग्री वृद्धि की संभावना, इस माह मौसम में रहेगा उतार–चढ़ाव।

*********************

संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल लोकसभा में यह प्रस्ताव पेश करेंगे जबकि भाजपा सदस्य तेजस्वी सूर्या इसका समर्थन करेंगे। राज्यसभा में भाजपा के ही सी सदानंदन मास्टर यह प्रस्ताव पेश करेंगे और उनकी पार्टी के सदस्य मेधा विश्राम कुलकर्णी इसका समर्थन करेंगी।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट मानव–केंद्रित है और अभूतपूर्व सुधारों के साथ भारत की नींव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए देश के सुधार पथ तथा दीर्घकालिक विकास को गति देने वाला उत्प्रेरक करार दिया। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल संसद में 2026–27 का आम बजट पेश किया। बजट पेश होने के बाद अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि बजट प्रस्ताव अर्थव्यवस्था को ऊर्जा प्रदान करेंगे, नागरिकों को सशक्त बनाएंगे और भारत के युवाओं को नई ऊंचाइयों को छूने के नए अवसर देंगे।

*********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केन्द्रीय बजट सुरक्षा–विकास–आत्मनिर्भरता के संतुलन को मजबूत करता है और राष्ट्र के हित में है।

*********************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए आम बजट की झारखंड में हर वर्ग ने सराहना की है। कोडरमा में आम लोगों और विभिन्न वर्गों ने बजट को देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक बताया है।

हजारीबाग के कई निवासियों ने इसे आम आदमी के लिए फायदेमंद और विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम बताया।

केन्द्रीय बजट की जामताड़ा जिले के बुद्धिजीवियों ने भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यह बजट सार्थक साबित होगा

*********************

आम बजट 2026–27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने इसे देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय–व्यय का लेखा–जोखा नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला व्यापक आर्थिक विज़न है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के सेरेंगसिया घाटी स्थित शहीद स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस स्थान पर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए शहीद होने वाले स्थानीय आदिवासियों की याद में शहीद स्मारक बनाया गया है । मुख्यमंत्री कई योजनाओं की शुरुआत करेंगे और नियुक्ति पत्र का वितरण भी करेंगे।

*********************

23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश में गहमागहमी तेज हो गई है। रांची नगर निगम चुनाव में रमा खलखो कांग्रेस समर्थित मेयर उम्मीदवार होगी। पार्टी की बैठक में इस पर सहमति बनी । पूर्व मेयर रमा खलखो तीन फरवरी को नामांकन करेंगी। इधर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की उपस्थिति में आज बैठक होगी इसमें भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी के नाम पर मुहर लग जाएगी

*********************

राजमहल के उत्तर वाहिनी गंगा तट पर आदिवासी महाकुंभ राजकीय माघी पूर्णिमा मेला का साहिबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह और आदिवासी धर्मगुरु अभिराम मरांडी ने उद्घाटन किया। इस मेले में पड़ोसी राज्यों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु और आदिवासी समुदाय के लोग पहुंच रहे हैं। उपायुक्त हेमंत सती ने मेले के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

*********************

लोकभवन रांची का उद्यान आज से 8 फरवरी तक आम नागरिकों के भ्रमण के लिए खुलेगा। उद्यान प्रतिदिन सुबह दस बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक खोला जाएगा। प्रवेश के बाद आगन्तुक अधिकांश तीस मिनट तक उद्यान में रह सकते हैं सभी आगन्तुक अपना एक पहचान पत्र साथ रखेंगे ।

*********************

सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखण्ड स्थित पर्यटन स्थल दनगद्दी में नदी में डूबे स्कूली बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। स्कूल की ओर बच्चे पिकनिक मनाने आए थे। इस दौरान यह दुर्घटना हुई,जिसमें आठवीं कक्षा का एक छात्र नदी में डूब गया था।

**********************

झारखंड में ठंड का असर धीरे–धीरे कम हो रहा है। आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 3–4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

**********************

**अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने वित्तीय वर्ष 2026– 27 के केन्द्रीय बजट को अपनी सुर्खी बनाई है ।

**नए भारत की ओर सुधारों पर जोर , शीर्शक के साथ प्रभात खबर** ने बजट की घोषणाओं को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य पाने के लिए सरकार ने सुधार एक्सप्रेस को रफ्‌तार दी।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– सरकार का कर्तव्य पथ, आम आदमी को सीधी राहत नहीं, 2047 तक का विजन।

**दैनिक जागरण** लिखता है –रक्षा बजट में एक लाख करोड़ की बढ़ोतरी।

**********************